परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय , मैसूर

(2025 - 26)

कक्षा- चौथी (4) विषय - हिंदी

नाम: -------------------------------- अनुक्रमांक :---------- दिनांक :----------

****

1.दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।

सत्संगति के अनेक लाभ हैं। अच्छे लोगों के साथ रहने से हमारी आदतों में सुधाार होता है। वैसे भी अच्छे मित्र मुसीबत के समय सही सलाह देते हैं। हमें बुरे लोगों के साथ से बचना चाहिए। बुरे लोगों का साथ काजल की ऐसी कोठरी है, जिसमें मित्र चुनते समय हमें सावधाान रहना चाहिए। सत्संगति हमारे जीवन को सही दिशा दिखाती है।

i) हमें अच्छे लोगों के साथ क्यों रहना चाहिए?

ii} मुसीबत के समय अच्छे मित्र क्या करते हैं ?

iii} बुरे लोगों के साथ को किसके समान माना गया है?

iv) दिए गए अपठित गद्यांश के लिए एक शीर्षक लिखो।

v) वाक्य बनाओ।

सावधान -

मुसीबत-

vi)वाक्य शुद्ध करो

सत्संगति हमारा जीवन को सही दिशा दिखाता है।

Vii) उल्टा अर्थ लिखो

बुरा— मित्र—

2.. दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछें गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।   =

कार्टूनों की अपनी दुनिया है, ठीक मनुष्यों की दुनिया की तरह लुभावनी। कार्टून ऐसा चित्र होता है, जिसे देखकर मन खुश हो जाता है। आजकल तो कार्टूनों के माध्यम से अनेक तरह के रोचक कार्यक्रम दिखाए जाने लगे हैं। कार्टून बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी अच्छे लगते हैं। नीरस और उबाऊ विषय भी कार्टून के द्वारा सरस व रोचक बन जाते हैं। इसलिए बच्चे कार्टून की किताब मिलते ही उस पर झपट पड़ते हैं और जब तक वह खत्म न हो जाए, पढ़ना, खेलना, सोना यहां तक कि खाना भी भूल जाते हैं। जब ये कार्टून दूरदर्शन पर दिखाए जाते हैं तो इन जीते-जागते, हँसते -बोलते कार्टूनों में सब खो जाते हैं।

i)   कार्टून क्या होते हैं ?

ii) कार्टून की दुनिया कैसी होती है ?

iii) कार्टून सबको इतने अच्छे क्यों लगते हैं?

iv) वाक्य बनाओ

सरस-

हँसते -हँसते -

V) कैसे पता चलता है कि बच्चे कार्टून पंसद करते हैं ?

VI) वाक्य शुद्ध करो

दूरदरर्न- **कारर्टून-**

VII) अर्थ लिखो

दुनिया- **मनुष्य-** **किताब-**

VIII) वाक्य.पूरा करो

कार्टून ऐसा —--------------होता है, जिसे देखकर मन—-----------हो जाता है।

3.दिए गए पद्यांश में उचित विराम चिन्ह लागाते हुए गद्यांश को लिखिए-

मत काटो ये पेड़, सचमुच तुम पछताओगे

बेलो फिर किसकी गोद में, सिर छिपाओगे?

शीतल छाया, फिर कहांँ पाओगे?

कहाँ से पाओगे फिर फल? कहाँ से मिलेगा

शस्य-श्यामला को, सींचने वाला जल

रेगिस्तानों में, तब्दील हो जायेंगे खेत

बरसेंगे कहाँ से उमड़-घुमड़कर बादल?

थके हुए मुसाफिर, पाएँगे कहाँ से

श्रमहारी छाया।

क) **सही विकल्प पर सही का निशान लगाओ।**

1. पेड़ न रहने पर खेतों का क्या होगा?

(क) खेत भी नहीं रहेंगे। (ख) खेत रेगिस्तान बन जायेंगे।

(ग) खेतों की फसलें मिट जाएँगी। (घ) खेतों को बादल जल नहीं देंगे।

2. शीतल छाया हमें किससे प्राप्त होती हैं?

(क) जल (ख) आकाश (ग) पेड़ (घ) घर

3. तब्दील का अर्थ होगा-

(क) रुकना (ख) खो देना (ग) बदलना (घ) पछताना

4. पेड़ों के न रहने का परिणाम क्या होगा?

(क) छाया, फल और जल पृथ्वी पर नहीं रहेंगे।

(ख) खेत, रेगिस्तान और छाया खत्म हो जाएंगे।

(ग) बादल और वर्षा रहेंगे।

(घ) छाया, वस्त्र और अशोक के पेड़ नहीं रहेंगे।

5. कवि ने छाया को श्रमहारी कहा क्योंकि-

(क) वह मजदूरों की छाया है।

(ख) छाया थकान मिटाती है।

(ग) पेड़ छाया देते हैं।

(घ) मुसाफिर रास्ते में रुकते हैं।

4.वाक्य शुद्ध करो।

i) पेड़ पर से फल गिर रहे हैं

ii) क्या आप दूध पी लिए हैं

iii) हम अभी खाना खाए हैं

iv) मैं कपड़ा पहन रहे हैं

v)आप लोग क्या कर रहा है

5.दिए गए गद्यांश को पढ़कर संज्ञा सर्वनाम और विशेषण शब्द छांटकर लिखिए-

एक बंदर बहुत शरारती था। वह लोगों के घरों में जाकर बहुत उधम मचाता था। किसी के बर्तन उठाकर ले जाता था तो किसी का मुंह नोच लेता था लोग उस बंदर की शरारतों से बहुत परेशान थे ।एक दिन उसने पानी से भरा एक बर्तन देखा। वह नहीं जानता था कि उसमें गर्म पानी था जैसे ही उसने बर्तन उठाया। गर्म पानी उस पर गिर गया। वह दर्द से चिल्लाता हुआ वहां से भाग गया।

संज्ञा=

सर्वनाम=

क्रिया =

विशेषण=

6. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाओ

I)तूफानी

II) जिद्दी

III) आसमान

IV)हैरानी

V) मुफ्त

7. तुक वाले शब्द लिखो ।

पानी –   तूफानी –

देना—-   बहती—

8.नीचे दिए गए सही शब्द के शुद्ध रूप को छांटकर लिखिए:

1. तुमें, तुमहें, तुम्हें
2. चीजें, चिजे, चीजे
3. अचछी, अच्छी, अच्छि
4. दवाइयाँ, दवाईयाँ, दबाइयाँ
5. त्यौहार, तयोहार, त्योहार

9. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए:

1. जंगल में ________ को देखकर वह डर गया। (बाग/बाघ)
2. हमें हमेशा _________ दुखियों की मदद करनी चाहिए। (दिन/दीन)
3. गीता ने कल एक नई ________ खरीदी। (सास/शाल)
4. बच्चे स्कूल से अभी तक नहीं ________। (लौटे/लोटे)

10.अपने और तुम्हारे दोस्त के बीच हुए किसी त्योहार के बारे में 4-4 संवाद लिखो

11.दिए गए चित्र को देखकर के10 वाक्य लिखो